राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# रोकठोक लेखनी

RNI NO. : MAHHIN/2019/77511

खबरें बे-रोकटोक

वर्ष 07 | अंक 38 | मुंबई : बुधवार 29 जुलाई 2026 से 04 अगस्त 2026 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

## ₹25 लाख की रंगदारी मामला: बांद्रा से कुख्यात गैंगस्टर जुल्फिकार बेहलीम, उसके भाई मोहसीन समेत 12 आदतन अपराधी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच (यूनिट 9) ने हथियार दिखाकर मुंबई के एक ठेकेदार से ₹25 लाख की रंगदारी वसूलने और जान से मारने की धमकी देने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने जाल बिछाकर बांद्रा इलाके से गिरोह के सरगना व कुख्यात गैंगस्टर जुल्फिकार बेहलीम, उसके भाई मोहसीन बेहलीम और 10 अन्य साथियों समेत कुल 12 आदतन अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

**मामले का विवरण**

पिछले कुछ दिनों से मुंबई के एक निर्माण व्यवसायी (कंस्ट्रक्शन बिल्डर) से आरोपी जुल्फिकार बेहलीम और उसका भाई मोहसीन अपने गुर्गों के जरिए कॉन्ट्रैक्ट का काम शुरू करने के एवज में ₹25 लाख की रंगदारी मांग रहे थे। पैसे न देने पर आरोपियों ने हथियार का डर दिखाकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की पुष्टि होने के बाद, क्राइम ब्रांच यूनिट-9 की टीम ने 27 जुलाई 2026 को बांद्रा



इलाके में जाल बिछाया। जब आरोपी रंगदारी की रकम वसूलने आए, तो पुलिस ने मौके से गिरोह के सरगना जुल्फिकार बेहलीम, उसके भाई और 10 अन्य गुर्गों को धर दबोचा।

**कानूनी कार्रवाई और पुलिस कस्टडी**

बांद्रा पुलिस स्टेशन में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था (गु.प्र. शा., गुन्हा नोंद क्र. 92/2026 / बांद्रा पो.ठा. गु.र.क्र. 1559/2026), जिसमें बीएनएस (BNS) की धारा 308(5), 351(3), 61(2), 3(5) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 3, 25 के तहत अपराध दर्ज है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच क्राइम ब्रांच यूनिट-9 को सौंप दी गई है।

**गैंग का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी शातिर और आदतन अपराधी हैं। गिरोह का सरगना जुल्फिकार बेहलीम पूर्व में मकोका कानून के तहत गिरफ्तार हो चुका है और फिलहाल जमानत पर बाहर था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह मुंबई और आसपास के कई कारोबारियों को डरा-धमकाकर रंगदारी वसूलता था।

**कानून प्रवर्तन**

पुलिस की अपील: क्राइम ब्रांच यूनिट-9 ने नागरिकों से अपील की है कि यदि इस गिरोह ने किसी अन्य व्यक्ति से भी रंगदारी मांगी है या वसूली की है, तो वे तुरंत क्राइम ब्रांच यूनिट-9 या मुंबई पुलिस से संपर्क करें।

## माहिम की समाज सेविका अंजलि बिलिमोरिया ने मोरी रोड और माहिम कॉजवे पर बाइक चालकों की लापरवाही और खतरनाक ड्राइविंग पर जताई गंभीर चिंता




**मुंबई:** माहिम वेस्ट (मोरी रोड) की निवासी और स्थानीय समाज सेविका अंजलि बिलिमोरिया ने मोरी रोड और माहिम कॉजवे रोड पर दुपहिया चालकों द्वारा की जा रही लापरवाही और अत्यधिक खतरनाक ड्राइविंग के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। बिलिमोरिया के अनुसार, इन व्यस्त इलाकों में दिन और रात दोनों समय बाइक सवार बेहद तेज गति और लापरवाही से गाड़ियां दौड़ा रहे हैं।

पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संभावित हादसों को रोकने के लिए अंजलि बिलिमोरिया ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात, वर्ली) से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि माहिम पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक और माहिम ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को नियम तोड़ने वाले और खतरनाक ड्राइविंग करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं। इसके अलावा, उन्होंने सुझाव दिया है कि पुलिस प्रशासन मोरी रोड और माहिम कॉजवे पर दिन-रात गश्त बढ़ाए, बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस निलंबित करे और इस समस्या से निपटने के लिए 30 दिनों का विशेष जांच अभियान चलाकर उसके नतीजों को सार्वजनिक करे, ताकि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधर सके और नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बहाल हो सके।

## माहिम कॉजवे पर भीषण सड़क हादसा: तेज रफ्तार केटीएम बाइक सवार और महिला पैदल यात्री की दर्दनाक मौत

**मुंबई :** मुंबई के माहिम कॉजवे (जनरल अरुण कुमार वैद्य मार्ग) के पास सोमवार रात एक भयानक सड़क दुर्घटना में 50 वर्षीय महिला और 21 वर्षीय स्पोर्ट्स बाइक सवार की जान चली गई। माहिम पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब माहिम निवासी मंगला अशोक टंडेल (50) अपनी दो बेटियों के साथ सड़क पार कर रही थीं। उसी दौरान तेज गति से आ रही एक केटीएम स्पोर्ट्स बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला और बाइक सवार ध्रुव मनोज गुरव (21) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।





टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला बाइक के साथ लगभग 100 मीटर तक घिसटती चली गई। स्थानीय निवासियों और परिजनों की मदद से मंगला टंडेल को रहेजा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल बाइक सवार ध्रुव को पहले भाभा अस्पताल और फिर रहेजा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। माहिम पुलिस ने मृत आरोपी बाइक सवार ध्रुव गुरव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) और 281 (अंधाधुंध ड्राइविंग) के तहत केस दर्ज किया है।

रश ड्राइविंग का कहर: 21 वर्षीय केटीएम बाइक सवार की अत्यधिक रफ्तार के कारण महिला सड़क पार करते समय भीषण हादसे का शिकार हुई।

दो लोगों की मौत: हादसे में माहिम निवासी मंगला टंडेल और बाइक सवार ध्रुव गुरव दोनों की जान चली गई।

कानूनी कार्रवाई: माहिम पुलिस स्टेशन में लापरवाही और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है।

## पत्रकार विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष फिर बने यूसुफ राणा, दूसरी बार निर्विरोध चुने गए

**मुंबई:** पत्रकार विकास फाउंडेशन की कोर कमेटी की बैठक रविवार, 26 जुलाई को 'दैनिक हिंदुस्तान' कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार हारून अफरोज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से यूसुफ राणा को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। संगठन के पदाधिकारियों ने उनके पिछले कार्यकाल के दौरान पत्रकार हित में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन पर पुनः विश्वास जताया। इससे पूर्व कोर कमेटी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई टीम के गठन का निर्णय लिया था।

बैठक में अध्यक्ष यूसुफ राणा के प्रस्ताव पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें नजीफ आरजू को महासचिव और कुणाल जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा यशपाल सिंह व



फवाद शेख को संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी, शकील शेख व साजिद बुखारी को उपाध्यक्ष तथा अता अहमद शेख को प्रकाशन विभाग का प्रभारी बनाया गया। वहीं महिला विंग की जिम्मेदारी संभाल रहीं सादिया मर्चेंट को अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया है।

संगठन को अधिक समावेशी और व्यापक बनाने के उद्देश्य से बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए। अब हिंदी, मराठी, उर्दू और अंग्रेजी भाषाओं के साथ-साथ डिजिटल व सोशल मीडिया से जुड़े सक्रिय पत्रकारों को भी संगठन की सदस्यता दी जाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष यूसुफ राणा ने पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और युवा पत्रकारों को जोड़ने की योजनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे हारून अफरोज ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई दी।

# माहिम की 57 साल पुरानी ब्रिस्टल बेकरी समेत मुंबई की 5 बेकरियों के लाइसेंस एफडीए ने किए रद्द

**मुंबईः** खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) बृहन्मुंबई ने खाद्य सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए माहिम स्थित 57 साल पुरानी ब्रिस्टल बेकरी समेत शहर की 5 बेकरियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। इसके अलावा बेंगलुरु अयंगार बेकरी (कालाचौकी) सहित 4 अन्य बेकरियों को काम रोकने का आदेश दिया गया है।

**एफडीए (एफडीए) का विशेष निरीक्षण अभियान**

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 ( को सख्ती से लागू करने और नागरिकों को स्वच्छ खाद्य पदार्थ सुनिश्चित कराने के लिए एफडीए की टीमों ने मुंबई के सभी जोन में 34 बेकरी प्रतिष्ठानों पर सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया।

**पाई गई प्रमुख कमियांः**

गंभीर अस्वच्छताः बेकिंग और निर्माण स्थलों पर गंदगी और अस्वच्छ माहौल।

असुरक्षित खाद्य भंडारणः खाद्य पदार्थों के रखरखाव में मानकों का पालन न करना।

बिना लाइसेंस परिचालनः कुछ बेकरियों द्वारा बिना वैध रजिस्ट्रेशन




या एफएसएसएआई लाइसेंस के काम करना।

**किन-किन बेकरियों पर हुई कार्रवाई ? लाइसेंस निलंबित**

1. ब्रिस्टल बेकरी (माहिम)
2. अनमोल बेकरी एंड स्टोर्स (अंधेरी ईस्ट)
3. न्यू महाराष्ट्र बेकरी एंड स्टोर (चेंबूर)
4. सबा बेकरी एंड स्टोर्स (गोरेगांव ईस्ट)
5. उन्नति बेकरी (दहिसर वेस्ट)

**काम रोकने का नोटिस-**

1. बेंगलुरु अयंगार बेकरी (कालाचौकी)
2. गोल्डन बेकरी (घाटकोपर वेस्ट)
3. मिर्जा एंड संस बेकरी (विक्रोली वेस्ट)
4. बिग बाइट बेकरी (कांदीवली ईस्ट)

**कुल प्रशासनिक कार्रवाई का आंकड़ा**

1. एफडीए अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान के तहतः
2. 2 सुधार नोटिस जारी किए गए।
3. 05 बेकरियों के लाइसेंस निलंबित किए गए।
4. 04 बेकरियों को व्यवसाय बंद करने के आदेश मिले।
5. 03 मामलों में धारा 69 के तहत जुमार्ना/कंपाउंडिंग की कार्यवाही शुरू की गई।

# महाराष्ट्र में एसआईआरः मतदाता सूची की शुद्धता के साथ नागरिकों की जागरूकता भी जरूरी



**मुंबईः** महाराष्ट्र में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। चुनाव आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, ताकि सभी पात्र नागरिकों को इसमें शामिल किया जा सके और किसी भी अयोग्य या फर्जी नाम को सूची से हटाया जा सके।

इस अभियान के तहत राज्य भर में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन, फॉर्म वितरण और दस्तावेजों की जांच का काम कर रहे हैं। हालांकि, कई स्थानों पर जानकारी के अभाव, जरूरी दस्तावेजों की कमी और प्रक्रिया को लेकर पैदा हो रहे भ्रम के कारण चुनौतियां भी देखने को मिल रही हैं। चुनाव आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न देकर केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और अपने संबंधित बीएलओ का सहयोग करें। विशेषज्ञों का मानना है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए शुद्ध मतदाता सूची सबसे प्राथमिक आवश्यकता है। इसलिए प्रशासन को बुजुर्गों, दिव्यांगों और प्रवासी मजदूरों के लिए प्रक्रिया को और अधिक सरल व सुलभ बनाना होगा। मतदाता सूची को पारदर्शी बनाना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि जागरूक समाज की भी साझा जिम्मेदारी है।भौगोलिक संदर्भ

# फेक APK फाइल के जरिए 63 करोड़ रुपये की अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ः

## डॉ. डी.बी. मार्ग पुलिस ने झारखंड से आरोपी को किया गिरफ्तार...



**मुंबईः** पुलिस उप आयुक्त (दक्षिण परिमंडल-2) के मार्गदर्शन में डॉ. दादासाहेब भड़कमकर (डी.बी.) मार्ग पुलिस स्टेशन ने एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने फर्जी APK फाइल डेवलप करने वाले 26 वर्षीय आरोपी को झारखंड और पश्चिम बंगाल में पीछा कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फर्जी ऐप्स के जरिए देश भर में आम जनता से ₹63.69 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी को अंजाम दिया है।

डॉ. डी.बी. मार्ग पुलिस स्टेशन में एक पीड़ित शिकायतकर्ता ने मामला दर्ज कराया था कि उन्हें 'महानगर गैस लिमिटेड' (MGL) के नाम से फर्जी मैसेज भेजकर फेक APK फाइल इंस्टॉल करने के लिए कहा गया। जैसे ही पीड़ित ने ऐप इंस्टॉल किया, आरोपी ने मोबाइल की गोपनीय बैंकिंग जानकारी चुराकर ₹70,500 की धोखाधड़ी कर ली। इस शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस (BNS) की धारा 318(4), 319(2) और आईटी एक्ट की धारा 66(c), 66(d) के तहत मुकदमा (गु.र.क्र. 1003/2026) दर्ज किया था।

तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस टीम ने झारखंड से 26 वर्षीय छात्र (निवासी- झारखंड) को गिरफ्तार किया, जो इस पूरे नेटवर्क के लिए फर्जी APK ऐप्स डेवलप कर रहा था।

**बरामदगी और चौंकाने वाले खुलासेः**

जब्त सामानः आरोपी के पास से 10 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 7 सिम कार्ड, 4 क्रेडिट/डेबिट कार्ड और 967 APK फाइलें बरामद की गईं।

3.72 लाख लोगों का डेटा लीकः आरोपी के पास से 3,72,000 नागरिकों की संवेदनशील बैंकिंग जानकारी का डेटाबेस भी मिला है।

91 ऐप्स की बिक्रीः जांच में पता चला कि आरोपी ने खुद बनाए 91 फर्जी अढङ ऐप्स अन्य साइबर अपराधियों को बेचे थे।

63.69 करोड़ की ठगीः इन 91 ऐप्स के जरिए देश भर में 2,913 लोगों (जिसमें मुंबई व महाराष्ट्र के 512 नागरिक शामिल हैं) से कुल ₹63,69,68,174/- (तिरेसठ करोड़ उनहत्तर लाख अड़सठ हजार एक सौ चौहत्तर रुपये) की ठगी की गई है।

# आवास की आस लगाए बैठे हैं करीब डेढ़ लाख मिल कामगार

**मुंबई :** मुंबई की पहचान रहीं कपड़ा मिलों के बंद होने के बाद उजड़े हजारों परिवार आज भी अपने आशियाने का इंतजार कर रहे हैं। वर्षों पहले मिल कामगारों और उनके वारिसों को घर देने का वादा करने वाली सरकार अब तक अधिकांश पात्र परिवारों को छत उपलब्ध नहीं करा सकी है। हालत यह है कि करीब डेढ़ लाख मिल कामगार आज भी आवास की आस लगाए बैठे हैं, जबकि सरकार ने अब समाधान के नाम पर निजी बिल्डरों के दरवाजे खटखटाने शुरू कर दिए हैं। म्हाडा के मुंबई मंडल ने बोरीवली, ठाणे, मीरा-भायंदर और उलवे में निजी डेवलपर्स की आवासीय परियोजनाओं से घर खरीदने के लिए रुचि निविदाएं (ईओआई) आमंत्रित की हैं।

# ठाणे में अचानक आई बाढ़ में पर्यटक की मौत, दोस्त लापता; नवी मुंबई बांध में युवक के डूबने की आशंका



**ठाणे :** महाराष्ट्र के शाहपुर तालुका में रविवार को भारी बारिश से आई अचानक बाढ़ में एक व्यक्ति की मौत हुई, एक लापता है। तीन पर्यटकों को बचाया गया। कल्याण के पांच दोस्त डोलखंब क्षेत्र के चोंढे के पास एक झरने पर वीकएंड की छुट्टियां मनाने गए थे, जहां यह हादसा हुआ। रविवार दोपहर जंगल में मौसम तेजी से बदला, जिससे क्लाउडबर्स्ट जैसी बारिश हुई। कुछ ही मिनटों में नाले का जलस्तर बढ़ा और पर्यटक तेज धाराओं में बह गए। बचाव दल ने तीन लोगों को सुरक्षित निकाला। मृतक आकाश देशमुख (21) कल्याण के आधारवाड़ी का था, उसका शव शाम को मिला। लापता दिनेश मंडलकर (34) कल्याण ईस्ट का है, उसकी तलाश जारी है। स्थानीय अधिकारियों ने मानसून में झरनों और नदियों पर न जाने की चेतावनी दी है।

महाराष्ट्र में एक छात्रा के आत्महत्या करने की खबर है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र पुलिस ने कहा, करजत जिले के अहिल्यानगर के जलालपुर निवासी अंकिता सांगले ने ठएएळ पुनर्परीक्षा में 166 अंक प्राप्त करने के बाद कल (रविवार को) आत्महत्या कर ली। करजत पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

**नवी मुंबई के बांध में एक व्यक्ति के डूबने की आशंका**

बाढ़ और बारिश के पानी की चपेट में आने की ऐसी एक अन्य घटना ठाणे-बेलापुर रोड पर हुई। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक दीघा इलाके में एक बांध में तैरते समय 28 वर्षीय एक व्यक्ति लापता हो गया।पीड़ित की पहचान अंकुश गौड़ के रूप में हुई है। पुलिसकर्मी ने बचाव कर्मियों को सूचना दी। इसके बाद शनिवार को पानी में राफ्ट उतारे गए। व्यापक तलाशी अभियान के बावजूद पीड़ित का पता नहीं लग सका है। अधिकारियों के मुताबिक अंधेरा छा जाने के कारण तलाशी अभियान में बाधा उत्पन्न हुई, इसलिए बचाव कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया।

# ठाणे में मेट्रो गड्ढे में गिरा कंटेनर, ड्राइवर को सुरक्षित बचाया गया

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब घोड़बंदर रोड पर एक कंटेनर ट्रक मेट्रो परियोजना के लिए खोदे गए करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर केबिन में फंस गया, लेकिन मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम ने समय रहते रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यह घटना 26 जुलाई की सुबह करीब 6 बजे घोड़बंदर रोड पर 'दोस्ती इम्पीरिया' के सामने हुई। उस समय इलाके में मेट्रो निर्माण कार्य चल रहा था और सड़क के एक हिस्से में खुदाई की गई थी। इसी दौरान एक कंटेनर ट्रक अनियंत्रित होकर निर्माण स्थल के पास बने गहरे गड्ढे में गिर गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ट्रक के गड्ढे में गिरने के बाद उसका अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों और बचाव दल को दी। सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बचावकर्मियों ने सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए ड्राइवर को ट्रक के अंदर से बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में ड्राइवर को सुरक्षित बचा लिया गया और किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं मिली।



घटनास्थल की तस्वीरों और वीडियो में कंटेनर ट्रक सड़क से हटकर निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरा हुआ दिखाई दे रहा है। ट्रक का एक बड़ा हिस्सा गड्ढे के अंदर चला गया था, जिससे बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया था। बचाव टीम ने पहले स्थिति का आकलन किया और उसके बाद ड्राइवर तक पहुंचने के लिए सुरक्षित तरीका अपनाया। काफी प्रयासों के बाद उसे बाहर निकाला गया। हादसे के बाद इलाके में कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई।

घोड़बंदर रोड ठाणे का एक प्रमुख मार्ग है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में वाहन चलते हैं। इस क्षेत्र में मेट्रो सहित कई इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का काम चल रहा है। निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थलों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी संकेत होना जरूरी है, ताकि वाहन चालकों को खतरे वाले क्षेत्रों की जानकारी मिल सके। उनका मानना है कि रात और सुबह के समय ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत होती है।

हादसे के बाद संबंधित अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि कंटेनर ट्रक किस वजह से गड्ढे में गिरा। प्रारंभिक तौर पर वाहन के नियंत्रण खोने की संभावना जताई जा रही है, हालांकि जांच के बाद ही सही कारण सामने आएगा। मेट्रो निर्माण जैसे बड़े प्रोजेक्ट के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन बेहद जरूरी होता है। निर्माण एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होता है कि सड़क पर चलने वाले वाहनों और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी या खतरा न हो। इस घटना ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधन को लेकर ध्यान आकर्षित किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े निर्माण कार्यों के दौरान बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत और सुरक्षा निगरानी जैसी व्यवस्थाएं मजबूत होनी चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल कंटेनर ट्रक को गड्ढे से बाहर निकालने और सड़क व्यवस्था सामान्य करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों की ओर से मामले की जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकते हैं। ड्राइवर को सुरक्षित बचा लिया जाना इस हादसे में सबसे बड़ी राहत की बात रही। समय पर पहुंची बचाव टीम की कार्रवाई से एक संभावित गंभीर दुर्घटना को टाल दिया गया।

## मिक्सर ट्रक ने तीन मजदूरों को कुचला, दो की मौत




**भिवंडी :** भिवंडी के पिंपलास फाटा क्षेत्र में सड़क कंक्रीटीकरण कार्य के दौरान शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में मिक्सर ट्रक की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस आयशर मिक्सर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पश्चिम बंगाल निवासी आरिफुल मोहम्मद सुल्तान (30) की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 25 जुलाई 2026 की रात करीब 12:30 बजे पिंपलास फाटा स्थित रेलवे पुल के समीप सड़क कंक्रीटीकरण का कार्य चल रहा था। काम के दौरान मजदूर हबीबुल आलम (23), नहीम सितापुर अली अख्तर (25) और हबीबुर रहमान अब्दुल वहाब अली (26) सड़क पर बिछाई गई प्लास्टिक शीट के नीचे आराम कर रहे थे। इसी बीच एमएच-04-केएफ-8759 नंबर का मिक्सर ट्रक लेकर पहुंचे चालक ने पीछे कोई व्यक्ति मौजूद है या नहीं, इसकी पुष्टि किए बिना और किसी सहायक की मदद लिए बिना लापरवाहीपूर्वक वाहन रिवर्स कर दिया। मिक्सर ट्रक सीधे सो रहे मजदूरों के ऊपर चढ़ गया। हादसे में हबीबुल आलम और नहीम सितापुर अली अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हबीबुर रहमान अब्दुल वहाब अली के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई।

## मुंबई : सांसद संजय राउत ने प्र''ाद जोशी की नियुक्ति को बताया अस्थायी...



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने प्रल्हाद जोशी की केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में नियुक्ति को ''अस्थायी व्यवस्था'' करार दिया और दावा किया कि केंद्र सरकार एक स्थायी विकल्प की तलाश कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस पद के लिए विचार किया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राउत ने कहा, ''प्रल्हाद जोशी फिलहाल अंतरिम शिक्षा मंत्री हैं। वे ज्यादा से ज्यादा एक अच्छे कोयला मंत्री बन सकते हैं। उन्होंने कोयला मंत्री के रूप में और भाजपा के लिए काम किया है, लेकिन अब उन्हें शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। मेरा मानना है कि यह एक अस्थायी व्यवस्था है; सरकार स्थायी शिक्षा मंत्री की तलाश में सक्रिय रूप से लगी हुई है और इस पर विचार-विमर्श कर रही है।''

उन्होंने आगे कहा, ''मेरी जानकारी के अनुसार, देवेंद्र फडणवीस देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा मंत्री हो सकते हैं। मोदी जी ने भी इस बारे में अपना मन बना लिया है। वे आरएसएस की विचारधारा से जुड़े हुए हैं, सुशिक्षित हैं और राज्य चलाने का अनुभव रखते हैं।'' राउत ने कहा कि अगर फडणवीस नई दिल्ली चले जाते हैं तो महाराष्ट्र का नेतृत्व कौन करेगा, इस अनिश्चितता के कारण निर्णय में देरी हो सकती है। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका उन्होंने कहा, ''हालांकि, दुविधा यह है कि अगर देवेंद्र फडणवीस दिल्ली चले जाते हैं, तो महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन बनेगा ? इस दबाव के कारण निर्णय रुका हुआ है। फिर भी, दिल्ली के अंदर से खबर आ रही है कि मोदी जी ने देश को एक सक्षम शिक्षा मंत्री देने का संकल्प लिया है।''

राउत ने जंतर-मंतर पर छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि छात्रों और युवतियों को पुलिस की ज्यादतियों का शिकार होना पड़ा। ''इसके लिए अमित शाह जिम्मेदार हैं। आज भी हो रहे कुकर्मों के लिए भी वही जिम्मेदार हैं। अगर लोकतंत्र को कमजोर करने, युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने और देश को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई एक व्यक्ति जिम्मेदार है, तो वह अमित शाह ही हैं,'' राउत ने आरोप लगाया।

## भिवंडी : बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों पर शिकंजा...



**भिवंडी।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भिवंडी की भोईवाडा व नारपोली पुलिस ने बैंक खाते उपलब्ध कराकर साइबर ठगी में सहयोग करने वाले खाताधारकों के खिलाफ चड़ी कार्रवाई की है। देश के विभिन्न राज्यों में हुई ऑनलाइन ठगी की जांच के दौरान साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए गए बैंक खातों का लिंक भिवंडी से मिलने पर पुलिस ने पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बेस्ट में 364 बस कंडक्टर्स की भर्ती...एक अगस्त से शुरू होगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

**मुंबई।** बेस्ट की बसों से दुर्घटना होने की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी होने के बीच बेस्ट प्रशासन ने बस ड्राइव्हर की भर्ती न करते हुए बस कंडक्टर के 364 पदों पर सीधी भर्ती का ऐलान किया है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एक से 29 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बेस्ट प्रशासन के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में सामान्य वर्ग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विमुक्त जाति घुमंतू जनजाति विशेष पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग के लिए नियमानुसार आरक्षण लागू किया गया है। उम्मीदवार का कम से कम 10वीं पास होना अनिवार्य है। साथ ही मराठी और अंग्रेजी विषयों में उत्तीर्ण होना भी आवश्यक होगा। इसके अलावा महाराष्ट्र राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी या नवीनीकृत बस कंडक्टर लाइसेंस होना अनिवार्य है। सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा 18 से 38 वर्ष तथा आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 18 से 43 वर्ष निर्धारित की गई है।

## साइबर ठगी के आरोप में युवक गिरफ्तार...



**मुंबई।** साउथ साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी से मिली रकम को अपने बैंक खाते में जमा कराने और उसे आगे ट्रांसफर करने की अनुमति देने के आरोप में 36 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अकोला जिले के तेल्हारा स्थित शेगांव रोड के साईनगर निवासी उज्ज्वल भगवान पोहरकर के रूप में हुई है।

## संपादकीय...



# भूमि की फर्जी खरीद...

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

जमीनों की खरीद में एक पूरा माफिया सक्रिय है और धारा 118 के सीधे उल्लंघन के निशान लिए पूरा पहाड़ा भरभरा रहा है। मामला गगल एयरपोर्ट के साथ और भी संगीन हो गया जब जम्मू से आकर बसा परिवार सौ कनाल जमीन पर हिमाचली घोषित हो गया। आश्चर्य यह कि जहां चंद मरले जमीन की खरीद मुश्किल है, वहां जम्मू से आए दंपती ने सौ कनाल पर कब्जा जमा लिया। पूरे प्रदेश में भूमि बिक्री के कई हॉट स्पॉट बने हैं, तो इसलिए कि एक पूरा तंत्र विकसित हो गया है। जाहिर है यह भू-राजस्व विभाग की मिलीभगत और राजनीतिक प्रश्रय के बिना असंभव है। यहां लैंड सीलिंग कानून के बाद पैदा हुए लैंड लार्ड्स की उत्पत्ति का भी एक लंबा सिलसिला रहा है। शहर बड़े हुए, लेकिन शहरीकरण अंगीकार नहीं हुआ। खेत बिकते रहे, लेकिन कृषि बचाने के कानून नहीं बने। मुजारा कानून के तहत लघु जमींदार खत्म हुए, लेकिन जिन्हें जमीनें मिली, वे सौदा करते रहे। इसी तरह नौतोड़ जमीनों का आबंटन भी कृषि उपज के बजाय भूमि के सौदों का जरिया बन गया। सामाजिक उत्थान के इरादों से आए लैंड सीलिंग एक्ट ने जमीनों की बिक्री खोल दी। नतीजतन कांगड़ा घाटी, कुल्लू वैली, हमीरपुर, मंडी तथा बिलासपुर के कृषि योग्य खेत कंक्रीट उगाने लगे। अगर जमीनें छीनीं गईं, तो शर्त यह होनी चाहिए थी कि इनका उपयोग खेतीबाड़ी के लिए ही होगा। जमीनों की बिक्री दरअसल कृषि-बागबानी के प्रति घटता मोह भी है। वन संरक्षण अधिनियम की कमजोरी के कारण भी मानव गतिविधियों का भावार्थ बदल गया है।

बंदर व वन्य प्राणियों के कारण खेतों पर कृषि बंद हो गई और बागीचे ठूंठ बन गए। व्यापारिक गतिविधियों में स्वरोजगार की तलाश के कारण और पर्यटन के अंधाधुंध प्रसार के कारण भी जमीनों की बिक्री का माफिया पैदा हो गया। पर्यटन जिस तरह पहाड़ की ओर चढ़ रहा है, उससे भूमि की बिक्री अब जलस्त्रोतों के नजदीक, जल रिसाव के पास तथा ढांग पर होने लगी है। यही वजह है कि मनाली, कसौली, डलहौजी, मकलोडगंज, नयनादेवी, कुल्लू, मंडी व अन्य अनेक शहरों के नीचे बिक रही जमीनें, इनके वजूद को बर्बाद कर रही हैं। जाहिर है इस स्थिति के लिए शहरी विकास विभाग, ग्राम एवं नगर योजना विभाग, भू-राजस्व विभाग, पर्यटन विभाग, स्थानीय प्रशासन तथा राजनीतिक संस्थाएं दोषी हैं।

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : 800 करोड़ रुपये की ठगी:

## ईडी की मुंबई से लेकर बंगलूरू तक छापेमारी, क्रिप्टो के जरिए विदेश भेजी गई ठगी की रकम



**मुंबई :** ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग और फर्जी निवेश के नाम पर लोगों से करीब 800 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले एक बड़े नेटवर्क का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पदार्फाश किया है। ईडी की मुंबई जोनल शाखा ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत मुंबई, पुणे और बंगलूरू के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। जांच में सामने आया है कि लोगों से ठगे गए पैसे को फर्जी कंपनियों और क्रिप्टो के जरिए विदेश भेजा जा रहा था। इस मामले में कई बैंक खातों को फ्रीज किया गया है और बड़ी मात्रा में डिजिटल सबूत भी जब्त किए गए हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के नाम पर करोड़ों की ठगी

ईडी के मुताबिक यह पूरा मामला ह्यऑल पैनल एक्सचेंजह्न नाम के एक ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से जुड़ा है। इस प्लेटफॉर्म के खिलाफ महाराष्ट्र के जलगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जिसके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप संदेश भेजकर इस एप से जोड़ा गया था। शुरूआत में उसका भरोसा जीतने के लिए उसे छोटी-छोटी रकम निकालने की अनुमति दी गई। इससे उसे लगा कि प्लेटफॉर्म असली है। बाद में जब उसने बड़ी रकम निवेश कर दी, तो पैसे निकालने का विकल्प बंद कर दिया गया और आरोपियों ने उससे संपर्क भी खत्म कर दिया।

ईडी की जांच में पता चला कि गेमिंग और सट्टेबाजी के नाम पर लोगों से ठगे गए पैसे को पुणे स्थित एडसम फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों में भेजा जाता था। इसके लिए फर्जी बैंक खाते और कई मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि इसी कंपनी के खाते देशभर में हुई कई साइबर धोखाधड़ी से जुड़े हैं। इनमें फर्जी शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो निवेश और ऑनलाइन टास्क के नाम पर होने वाली ठगी के मामले शामिल हैं। बंगलूरू पुलिस ने भी इस कंपनी के खिलाफ 5.30 करोड़ रुपये की ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### ऐसे विदेश भेजी जा रही थी अवैध कमाई

ईडी के अनुसार, आरोपियों ने अपराध से कमाए गए पैसे को कई फर्जी कंपनियों के जरिए इधर-उधर घुमाया और फिर क्रिप्टो प्लेटफॉर्म के माध्यम से उसे वर्चुअल डिजिटल एसेट में बदलकर विदेश भेज दिया। जांच में यह भी पता चला कि इन कंपनियों का कोई वास्तविक कारोबार नहीं था और इन्हें डमी निदेशकों के नाम पर संचालित किया जा रहा था। सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि एक क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के केवाईसी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर एक क्रिप्टो एक्सचेंज पर फर्जी खाता और वॉलेट खोला गया। इसी खाते के जरिए करीब 800 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। ईडी का कहना है कि यह पूरी रकम ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग और फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए लोगों से ठगी गई थी।

# मुंबई : सावधान! 29 जुलाई तक 15% कम रहेगी पानी की सप्लाई



**मुंबई :** मुंबई के कई इलाकों में 29 जुलाई तक पानी की सप्लाई में कटौती देखने को मिल सकती है. यह कटौती करीब 15% तक हो सकती है. दरअसल, इट द्वारा *पांजरापूर मुंबई-3 पंपिंग स्टेशन पर मरम्मत और उपकरण बदलने का काम किया जा रहा है.

### पानी में कटौती का कारण?

बीएमसी के जल विभाग ने जानकारी दी है कि पंपिंग स्टेशन पर लगे पुराने हाई टेंशन कंट्रोल पैनल हटाकर उनकी जगह नए, आधुनिक और ज्यादा बेहतर पैनल लगाए जा रहे हैं. यह काम 28 जुलाई सुबह 9 बजे से शुरू हो चुका है, जो 29 जुलाई सुबह 5 बजे तक चलेगा. यानी यह काम करीब 20 घंटे तक जारी रहेगा.

बताया जा रहा है कि 10 पुराने कंट्रोल पैनलों में से पहले चरण में 4 पैनल बदले जाएंगे. काम पूरी तरह सुरक्षित तरीके से हो, इसलिए मुंबई-3 पंपिंग स्टेशन को करीब 20 घंटे के लिए बंद रखना पड़ेगा.

### कौन-कौन से इलाके प्रभावित?

पंपिंग स्टेशन बंद रहने की वजह से पांजरापूर से भांडुप वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी की सप्लाई भी बंद रहेगी. इसी कारण मुंबई शहर, पश्चिमी उपनगर और पूर्वी उपनगर के कुछ इलाकों में करीब 15% पानी की सप्लाई कम रह सकती है. BMC ने लोगों से अपील की है कि वे सोच-समझकर पानी का इस्तेमाल करें और नगर निगम का पूरा सहयोग करें.

# भारी बारिश के बाद सात जलाशयों में पानी का भंडार 88 प्रतिशत के पार



**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम ने सोमवार को कहा कि शहर के सात जलाशयों में भारी बारिश के कारण पानी का जलग्रहण क्षेत्र तेजी से बढ़ा है जिससे आज मुंबई में पीने के पानी का भंडार 88 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया। बीएमसी के हाइड्रोलिक इंजीनियर विभाग के अनुसार, सोमवार सुबह छह बजे उपरी वैतरणा, मोदक सागर, तान्सा, मध्य वैतरणा, भातसा, विहार और तुलसी जलाशयों में कुल पानी भंडार 12,79,534 मिलियन लीटर था, जो कुल 14,47,363 मिलियन लीटर भंडारण क्षमता का 88.40 प्रतिशत है। रविवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे के बीच जलग्रहण क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण, पिछले 24 घंटों में पानी का भंडार 2.22 प्रतिशत बढ़ गया। जलाशयों में मोदक सागर, विहार और तुलसी अपनी पूरी क्षमता तक भर चुके हैं और पानी बह रहा है, जबकि तान्सा अपनी भंडार क्षमता के 98.45 प्रतिशत तक पहुंच गया है। हाल ही में हुई बारिश के बाद उपरी वैतरणा और मध्य वैतरणा में भी पानी काफी अच्छी मात्रा में जमा हुआ है। मुंबई में पीने के पानी की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा स्त्रोत 'भाटसा' अभी अपनी भंडारण क्षमता के 82.68 प्रतिशत पर है। पिछले 24 घंटों में भाटसा जलग्रहण क्षेत्र में सबसे ज्यादा 159 मिमी बारिश हुई, जिससे जलाशय में पानी की आवक में काफी बढ़ोतरी हुई है। अन्य जलाशयों के जलग्रहण क्षेत्रों में भी मध्यम से भारी बारिश हुई।

# ठाणे में थ्री हैंड नाका रोड विस्तार का शिलान्यास... ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत: एकनाथ शिंदे

ठाणे : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को ठाणे में थ्री हैंड नाका रोड विस्तार परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और लोगों को लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि थ्री हैंड नाका ठाणे का एक बेहद महत्वपूर्ण ट्रैफिक जंक्शन है, जहां बड़ी संख्या में वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। उन्होंने बताया कि यह स्थान एशिया के सबसे बड़े ट्रैफिक सिग्नल वाले जंक्शनों में से एक माना जाता है, जिसके कारण यहां अक्सर भारी यातायात दबाव देखने को मिलता है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क विस्तार परियोजना पूरी होने के बाद



वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम हो जाएगी। वर्तमान में इस जंक्शन पर ट्रैफिक सिग्नल का चक्र लगभग तीन मिनट का है, जिसे परियोजना पूरी होने के बाद घटाकर केवल 15 सेकंड तक करने की योजना है। उन्होंने कहा कि सिग्नल टाइम कम होने से वाहन जल्दी निकल सकेंगे और सड़क पर लगने वाले जाम में काफी कमी आएगी। इससे रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को समय की बचत होगी और ठाणे की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार शहरों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर लगातार काम कर रही है। बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या को देखते हुए आधुनिक सड़क नेटवर्क और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ठाणे में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## मुंबई : हार्बर लाइन पर टला बड़ा हादसा, पेड़ की टहनी से टकराया पैंटोग्राफ; 17 मिनट में ट्रेन सेवा बहाल

**मुंबई :** मुंबई की सेंट्रल रेलवे की हार्बर लाइन पर रविवार सुबह एक ट्रेन में थोड़ी देर के लिए तकनीकी रुकावट आ गई। सीएसएमटी (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) से चलने वाली एक ट्रेन के पैंटोग्राफ से पेड़ की टहनी टकराने के बाद चिंगारी निकलने लगी, जिसके कारण ट्रेन को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह घटना रविवार सुबह करीब 9:30 बजे विले पार्ले के पास हुई। घटना के बाद यात्रियों में कुछ देर के लिए चिंता का माहौल बन गया, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी तरह का बड़ा नुकसान नहीं हुआ और सभी यात्री सुरक्षित रहे।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के ऊपर लगे बिजली उपकरण पैंटोग्राफ से पेड़ की टहनी संपर्क में आ गई थी। पैंटोग्राफ ट्रेन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जो




ऊपर लगे विद्युत तारों से बिजली प्राप्त कर ट्रेन को चलाने में मदद करता है। टहनी के संपर्क में आने के कारण उसमें चिंगारी दिखाई दी, जिसके बाद सुरक्षा के लिहाज से ट्रेन को कुछ समय के लिए रोका गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने मौके पर जांच की और स्थिति का जायजा लिया। तकनीकी टीम ने सुनिश्चित किया कि ट्रेन और बिजली प्रणाली में कोई गंभीर समस्या नहीं है। जांच पूरी होने के बाद ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई।

रेलवे के अनुसार, ट्रेन ने सुबह 9:47 बजे अपनी यात्रा दोबारा शुरू कर दी। इस तरह करीब 17 मिनट के भीतर परिचालन सामान्य कर दिया गया। इस दौरान किसी यात्री को चोट लगने या किसी अन्य नुकसान की सूचना नहीं मिली। मुंबई की लोकल ट्रेन सेवाएं शहर की जीवनरेखा मानी जाती हैं और रोजाना लाखों यात्री इनका इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में तकनीकी कारणों से थोड़ी देर की रुकावट भी यात्रियों को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, इस मामले में रेलवे की त्वरित कार्रवाई से सेवा जल्द बहाल कर दी गई।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। किसी भी तरह की असामान्य स्थिति सामने आने पर ट्रेन को पहले सुरक्षित तरीके से रोका जाता है और उसके बाद तकनीकी जांच की जाती है। इस घटना में भी इसी प्रक्रिया का पालन किया गया। पेड़ की शाखाओं का बिजली के तारों या ट्रेन के उपकरणों के संपर्क में आना मानसून के दौरान एक चुनौती बन सकता है। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण कई बार पेड़ों की शाखाएं रेलवे ट्रैक या ओवरहेड वायर के करीब आ जाती हैं। रेलवे समय-समय पर ऐसे क्षेत्रों की निगरानी और रखरखाव करता है ताकि परिचालन प्रभावित न हो। मुंबई में मानसून के दौरान रेलवे सेवाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## मुंबई एनसीबी ने इंटरनेशनल सिंडिकेट से जुड़े 10.990 किलो एफेड्रिन जब्त किया, 1 व्यक्ति गिरफ़्तार



**मुंबई :** एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 10.990 किलोग्राम एफेड्रिन जब्त किया, जिसे न्यूजीलैंड भेजा जाना था। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क मामले के सिलसिले में तमिलनाडु के चेन्नई से एक मुख्य ड्रग सहयोगी को गिरफ़्तार किया गया। खास जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, एनसीबी मुंबई ने 21 और 25 जुलाई को न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले तीन कूरियर पार्सल को रोका। कुल 10.990 किलोग्राम एफेड्रिन जब्त किया गया और मामले के सिलसिले में एस. हमीद नाम के एक मुख्य ड्रग सहयोगी को गिरफ़्तार किया गया।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि एनसीबी मुंबई एक अंतरराष्ट्रीय एफेड्रिन तस्करी नेटवर्क पर सक्रिय रूप से काम कर रही थी, जो चेन्नई से चल रहा था और विदेशों में अंतरराष्ट्रीय कूरियर बुक करने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। ड्रग कानून लागू करने वाली एजेंसियों को गुमराह करने की कोशिश में, ड्रग सहयोगी कूरियर पार्सल बुक करने के लिए मुंबई और पुणे जैसे कई शहरों की यात्रा करते थे। विज्ञप्ति के अनुसार, 21 जुलाई को विश्वसनीय जानकारी मिली, जिससे न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले दो कूरियर पार्सल की पहचान हुई, जिनमें एफेड्रिन होने का संदेह था। इसके बाद, एनसीबी मुंबई ने मुंबई में कूरियर पर दो संदिग्ध पार्सल को रोका। खोलने पर, दोनों पार्सल में फ़्लोर मैट (फर्श पर बिछाने वाली चटाई) मिलीं।

## मुंबई के भायखला पुलिस स्टेशन में लगी आग... दमकल ने पाया काबू; कोई हताहत नहीं

**मुंबई :** भायखला पुलिस स्टेशन में रविवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग पुलिस स्टेशन की पहली मंजिल पर स्थित प्रशासनिक केबिन में लगी थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल अधिकारियों के अनुसार, आग लगने की सूचना मिलने के बाद तुरंत राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया। कई फायर इंजन की मदद से आग बुझाने का काम किया गया। आग फैलने की आशंका को देखते हुए पूरे पुलिस स्टेशन भवन को खाली करा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि



घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सभी पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग पर नियंत्रण पाने के बाद अब घटनास्थल पर कूलिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है, ताकि दोबारा आग भड़कने की संभावना को रोका जा सके। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग प्रशासनिक केबिन में लगी थी, जहां कार्यालय से जुड़े दस्तावेज और अन्य सामान मौजूद थे। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग और पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद पुलिस स्टेशन के कामकाज को प्रभावित होने से बचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन कूलिंग ऑपरेशन पूरा होने के बाद किया जाएगा। मुंबई में पुराने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थित सरकारी इमारतों में आग की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार ध्यान दिया जाता है। भायखला पुलिस स्टेशन में हुई इस घटना के बाद भी सुरक्षा उपायों की समीक्षा की जा रही है।

## ठाणे में जल व्यवस्था को मजबूती, शिंदे ने पंप हाउस का शुभारंभ किया...

**ठाणे:** ठाणे महानगर पालिका की लोकमान्य सावरकर नगर वार्ड कमेटी के तहत इंदिरानगर के वार्ड नंबर 15 में इंदिरानगर और रूपादेवी पाड़ा में लोगों को सही और नियमित पानी सप्लाई देने के लिए बनाए गए नए सेप्टिक टैंक और पंप हाउस का उद्घाटन आज (26 जुलाई, 2026) राज्य के उप मुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस मौके पर विधान परिषद के उप सभापति (लेजिस्लेटिव काउंसिल के डिप्टी चेयरमैन )सचिन अहीर, ठाणे सांसद नरेश म्हस्के, विधायक रवींद्र फाटक, मेयर शर्मिला पिंपोलकर, मनपा सभागृह नेता हनमंत जगदाले, शिवसेना ग्रुप लीडर पवन कदम,



पार्षद भोईर, सुरेश कांबले, अनीता यादव, अमित सरैया, एकता भोईर, योगेश जानकर, प्रशांत जाधव, पूर्व कॉर्पोरेटर एकनाथ भोईर, एडिशनल कमिश्नर संदीप मालवी, पूर्व ट्रांसपोर्ट चेयरमैन दशरथ यादव, सबअर्बन इंजीनियर विनोद पवार, विकास ढोले, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अतुल कुलकर्णी, वगैरह मौजूद थे।

इस योजना में इंदिरानगर इलाके में पानी की सप्लाई को और बेहतर, रेगुलर और आसान बनाने में मदद करेगा, और यह लोगों की लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्याओं को हल करने में एक अहम कदम होगा।

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि इंदिरानगर में रिजवॉयर से 31 एमएलडी और रूपादेवी पाड़ा में रिजवॉयर से 21 एमएलडी समेत कुल 52 एमएलडी अतिरिक्त पानी सप्लाई स्कीम का उद्घाटन किया गया है। कई सालों से यह मांग थी कि इस इलाके के लोगों को रोज पानी मिले। इस स्कीम से महिलाओं, विद्यार्थियों और लोगों की पानी के लिए रोज की भीड़ बहुत कम हो जाएगी।

### 50 साल बाद सूद समेत लौटाने जा रही कुदरत

# अमेरिका के "पापों" की गठरी समंदर ने खोल दी

**वॉशिंगटन :** कहते हैं कि जो भी कर्म आप करते हैं, कुदरत एक दिन आप ही को ब्याज समेत लौटाता है। कुछ ऐसा ही अमेरिका के साथ भी हो रहा है। 1977 में अमेरिका ने भी एक "महापाप" किया था। उस वक्त अमेरिका ने प्रशांत महासागर में एक "न्यूक्लियर टॉम्ब (परमाणु कचरे के मकबरे)" बनवाया था। इसमें 1,20,000 टन रेडियोएक्टिव कचरा दबाया गया था। अब लगभग 50 साल बाद समुद्र की वजह से मार्शल आइलैंड्स के पास समुद्र में बनाए गए इस "रुनिट डोम" के बाहर आने का खतरा पैदा हो गया है।



**कोल्ड वॉर के दौरान की बनाया गया "समुद्री मकबरा"**

एस डॉटकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, दूर-दराज प्रशांत महासागर में फिरोजी रंग के पानी और कोरल रीफ से घिरी एक कम जानी-पहचानी कंक्रीट की संरचना है, जो दुनिया की सबसे विवादित परमाणु कचरा साइटों में से एक बनी हुई है। "द टॉम्ब" या रूनिट डोम के नाम से जानी जाने वाली इस गोल कंक्रीट की छत का व्यास 377 फीट है और यह 18 इंच मोटी है। लगभग आधी सदी से, इसने शीत युद्ध के सबसे खतरनाक अवशेषों में से एक को समेटे रखने का काम किया है।

डोम का निचला हिस्सा असल में धमाके से बना गड्ढा है। इसके नीचे कोई ऐसी रुकावट नहीं है जो पानी को अंदर जाने से रोक सके, इसलिए जैसे-जैसे समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, प्रशांत महासागर का पानी नीचे से इस मकबरे के अंदर बह रहा है।

माइकल जेराई, कोलंबिया यूनिवर्सिटी के सबिन सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज लॉ के डायरेक्टर

**कंक्रीट का एक विशाल पैच पूरे द्वीप पर**

1970 के दशक के आखिर में बढ़ते अंतराष्ट्रीय दबाव और विस्थापित द्वीपवासियों की मांगों के बीच अमेरिकी सरकार ने एक सफाई अभियान शुरू किया।

मिलिट्री इंजीनियरों ने पूरे एटोल से दूषित ऊपरी मिट्टी, रेडियोधर्मी राख, पेड़-पौधे और छोड़े गए सैन्य मलबे को हटाया। इसके बाद इस मलबे को 328 फुट चौड़े "कैक्टस क्रेटर" में डाल दिया गया, जो 1958 में रुनिट द्वीप पर हुए "कैक्टस" परमाणु परीक्षण से बना था। आखिरकार, कर्मचारियों ने क्रेटर को 358 विशाल कंक्रीट पैनलों से ढक दिया, जिससे वह गुंबद बना जो आज भी मौजूद है।

हालांकि इस प्रोजेक्ट में एक बड़ी कमी थी। लागत कम करने के लिए इंजीनियरों ने क्रेटर के निचले हिस्से को कभी सील नहीं किया। अभेद्य अवरोधक (ऐसी परत जिससे कुछ भी आर-पार न जा सके) लगाने के बजाय, उन्होंने मान लिया कि एटोल की प्राकृतिक चट्टान रेडियोधर्मी पदार्थ को बाहर निकलने से रोकेगी। यह धारणा गलत साबित हुई।

ठोस ग्रेनाइट के विपरीत, एटोल छिद्रयुक्त कोरल लाइमस्टोन (मूंगा-चूना पत्थर) से बना होता है, जिससे समुद्र का पानी जमीन के भीतर आसानी से आ-जा सकता है।

# थाईलैंड के पटाया में 3 भारतीयों का भारतीयों ने पाकिस्तानियों संग मिलकर कयिा अपहरण

### सस्ती ट्रिप का लालच पड़ा भारी

**बैंकॉक:** थाईलैंड में छुट्टी मनाने गए तीन भारतीयों के लिए यह ट्रिप एक बुरे सपने में बदल गई। उन्हें पटाया में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकों के एक गिरोह ने कथित तौर पर कई दिनों तक बंधक बनाकर रखा। इन नागरिकों को स्थानीय पुलिस ने आखिरकार सोमवार को रेस्क्यू किया है। इन लोगों को किडनैप करने से पहले कम कीमत वाले टूर पैकेज का लालच देकर देश बुलाया गया था। इसके बाद इनको बंधक बनाकर प्रताड़ित किया गया।

थाईलैंड के अखबार बैंकाक पोस्ट के अनुसार, गिरोह ने पीड़ितों को बार-बार परेशान किया और उनके परिवारों से फिरौती मांगी। इनमें से पांच अपहरणकर्ताओं को उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वे थाईलैंड से बाहर जाने के लिए फ्लाइट ले रहे थे। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी भारतीय नागरिक हैं। संदिग्ध पाकिस्तानी को अभी पकड़ा नहीं जा सका है।



**दो मंजिला घर में रखा गया था**

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अवतार सिंह, जगजीत सिंह, रामबालक कुमार, सुखबीर सिंह और कुलरा सिंह के तौर पर हुई है। उन्हें बैंकाक के खलोंग टैन इलाके के एक होटल से पकड़ा गया। इनकी पकड़ से 23 से 26 साल की उम्र के इन तीन पीड़ितों को थाई पुलिस ने 27 जुलाई (सोमवार) को पटाया के बैंग लमुंग जिले में एक दो मंजिला घर से बचाया।

पुलिस ने अपहरणकर्ताओं का पता लगाकर इस जगह तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। गिरोह ने कथित तौर पर इन लोगों को कम कीमत वाले सात दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड बुलाया था और फिर उनका अपहरण कर लिया था। उन्होंने कुल मिलाकर 70 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी।

**फिरौती के लिए उल्टा लटकाया**

सोमवार को पुलिस ने पटाया में छापा मारा तो उन्हें तीन लोग दो बेडरूम में बंधे हुए मिले। उनके हाथ, मुंह और पैर बंधे हुए थे। अधिकारियों ने उनके टखनों पर चोट के निशान भी देखे, जो कठोर चीजों से बार-बार पीटे जाने के कारण बने थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया और जरूरी इलाज कराया गया।

इन लोगों ने जांचकताओं को बताया कि एक हफ्ते तक बंधक बनाए जाने के दौरान उन्हें रोजाना टॉर्चर किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें उल्टा लटकाया गया, टखनों पर पीटा गया, खाना और टॉयलेट की सुविधा नहीं दी गई, और फिरौती की मांग के लिए, भारत में अपने परिवारों को फोन करने के लिए मजबूर किया गया।

# भारत पर 100% टैक्स लगाने वाले बिल को अमेरिकी सीनेट ने दी हरी झंडी, रूसी तेल अब आगे क्या होगा?



**वॉशिंगटनः** अमेरिकी सीनेट ने मंगलवार को रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले बिल को हरी झंडी दे दी है। यह बिल रूस से तेल या प्राकृतिक गैस खरीदने वाले दुनिया के शीर्ष 5 देशों पर 100% टैरिफ लगाने की अनुमति देता है। इसमें भारत और चीन भी उन देशों में शामिल हैं, जिन पर इस बिल का असर पड़ेगा। इस बिल को दिवंगत सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने तैयार किया था। रूसी तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध के अलावा इस बिल में ईरान के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है।

ट्रंप का समर्थन पाने वाले इस प्रस्ताव पर सीनेटरों ने 86-12 के वोट से विचार-विमर्श शुरू करने पर सहमति जताई, जिससे यह पहली बाधा पार कर गया है। इस बिल को दोनों दलों के सीनेटरों का समर्थन मिला है, लेकिन यह अभी कानून नहीं बना है। इसे अपने सीनेट में और चरणों से गुजरना होगा। सीनेट से पूरी तरह मंजूर होने के बाद इसे निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में विचार के लिए पेश होगा।

**ट्रंप लगा सकेंगे भारत पर टैरिफ**

इस कानून के सबसे अहम प्रावधानों में रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाना है। इसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति उन देशों से आयात होने वाले सामान पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकेंगे, जो रूस से तेल और गैस खरीदा जारी रखते हैं। इसमें भारत और चीन भी शामिल हैं।

# टेलीग्राम संस्थापक पावेल डुरोव को रूस ने इंटरनेशनल वॉन्टेड लिस्ट में डाला, अंतरराष्ट्रीय अरेस्ट वारंट जारी

**मॉस्कोः** रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव पर आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। एजेंसी का कहना है कि टेलीग्राम ने ऐसा कंटेंट नहीं हटाया, जिसका इस्तेमाल रूस के भीतर तोड़फोड़, आतंकवादी गतिविधियों और साइबर धोखाधड़ी के संचालन के लिए किया गया। बुधवार को एफएसबी ने बताया कि पावेल डुरोव के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया है। इस मामले में अब तक न तो डुरोव और न ही टेलीग्राम की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। एफएसबी के अनुसार, आरोप इस बात से जुड़े हैं कि टेलीग्राम ने ऐसे कंटेंट को नहीं हटाया, जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर यूक्रेन की विशेष एजेंसियों तथा आतंकवादी और उग्रवादी संगठनों द्वारा रूस के भीतर तोड़फोड़, आतंकवादी हमलों, सामूहिक हत्याओं और साइबर फ्रॉड जैसी गतिविधियों की योजना बनाने और उनके समन्वय के लिए किया गया।

**टेलीग्राम दुनियाभर में लोकप्रिय**

साल 2013 में पावेल डुरोव ने टेलीग्राम लॉन्च किया, जो आज दुनिया के सबसे बड़े मैसेजिंग प्लेटफॉर्म में से एक है। इसके दुनियाभर में 1 अरब से ज्यादा यूजर हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान सूचना साझा करने में इस प्लेटफॉर्म की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसका उपयोग दोनों देशों के लोग व्यापक रूप से करते रहे हैं।




रिपोर्ट के अनुसार, यह कार्रवाई मॉस्को द्वारा टेलीग्राम पर नियंत्रण बढ़ाने की दिशा में उठाया गया ताजा कदम है। रूसी प्रशासन लंबे समय से टेलीग्राम के प्रभाव को सीमित करने की कोशिश करता रहा है और इसके साथ-साथ सरकार समर्थित मैक्स मैसेजिंग सेवा को घरेलू विकल्प के रूप में बढ़ावा दे रहा है।

**रूस छोड़ चुके हैं पावेल**

रूस में जन्मे पावेल डुरोव बाद में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और फ्रांस की नागरिकता हासिल कर चुके हैं। टेलीग्राम शुरू करने से पहले उन्होंने रूस की लोकप्रिय सोशल नेटवर्किंग साइट वीकॉन्टाक्टे की स्थापना की थी। हालांकि रूसी अधिकारियों के बढ़ते दबाव के बाद उन्होंने वर्ष 2014 में कंपनी में अपनी बची हुई हिस्सेदारी बेच दी थी। रूस में दर्ज यह मामला डुरोव की कानूनी चुनौतियों को बढ़ाता है। फ्रांस में भी उनके खिलाफ जांच चल रही है। फ्रांसीसी अधिकारियों का आरोप है कि टेलीग्राम ने अपने प्लेटफॉर्म पर आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग नहीं किया। पावेल डुरोव इन सभी आरोपों से इनकार करते रहे हैं।

# ‘इस लड़की का जल्द इलाज करें सैनिकों का अपमान बर्दाश्त नहीं’

**मुंबई :** नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली (NTA) की कमियों के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन आखिरकार शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के साथ खत्म तो हुआ लेकिन इसी के साथ सोशल मीडिया पर कुछ परेशान करने वाले वीडियोज़ भी सामने आए हैं।

इन वीडियोज में प्रदर्शन में शामिल कुछ ज़ेन जी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। ‘अनुपमा’ एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने एक वीडियो रीट्वीट किया है, जिसमें ऐसी ही एक लड़की देश के जवानों के खिलाफ बातें करती दिख रही हैं। इस वीडियो को देखकर लोगों में जबरदस्त गुस्सा है और इस लड़की के खिलाफ एक्शन लेने की हर कोई डिमांड कर रहा है।

रुपाली गांगुली ने जो वीडियो रीट्वीट किया है, जिसमें सवाल किया गया है दिल्ली की ये लड़की कब गिरफ्तार होगी @CPDelhi सर जो हमारी भारतीय सेना के खिलाफ जहर उगल रही है। ये लड़की दिल्ली के पालम इलाके में रहती है।’ इस वीडियो में ये लड़की कहती नजर आ रही है, ‘मेरे को आज के बाद बोल दिया न किसी ने कि जवान हमारे लिए बैठे हुए



हैं बॉर्डर पर, हमारे लिए नहीं बैठे हैं भई वो, वो सत्ता में जो लोग बैठे हैं उनके लिए बैठे हुए हैं। सत्ता वाले लोगों को बाहर के लोगों से दिक्कत होगी तो वो उन्हें मारेंगे, हमसे दिक्कत होगी तो वो हमें मारेंगे। मेरे को अगर किसी ने मोरल पुलिसिंग कर दी कि पुलिस तो हमारे लिए जान देती है, हम उनकी वजह से सेफ हैं, आर्मी ग्रेट है...।’ इसी के साथ ये लड़की वीडियो में गंदे इशारे करती है।’ अब इस वीडियो पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। एक ने गुस्से में कहा है- इसको मजबूत ट्रीटमेंट देने की जरूरत है औक इसके बाद इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर आना चाहिए।

एक अन्य ने कहा, ‘बोलने की आजादी जरूर होनी चाहिए लेकिन क्या बोलना हे या क्या नहीं ये खुद पर निर्भर करता है। हर जगह हर किसी पर आप रील बनाकर बकवास नहीं कर सकते। ये जो खुद को ज़ेन जी कह रहे हैं ये वास्तव में जेन ज़ी हैं ही नहीं, ये इन इडियट्स से कहीं अलग होते हैं।’ एक और ने कहा- इसकी गिरफ्तारी जरूरी है, इसकी हिम्मत कैसे हुई सैनिकों का अपमान करने की और अपशब्द कहने की।



# ‘आपको क्या लेना-देना?’ शादी के सवाल पर भड़कीं जैस्मिन

**मुंबई :** एक इंटरव्यू में जब जैस्मिन से उनकी शादी की तारीख पूछी गई तो उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा, ‘आपको इससे क्या लेना-देना है? न आपको कैटरिंग का बिल भरना है, न डेकोरेशन का खर्च उठाना है। जब शादी करेंगे, सबको पता चल जाएगा।’

टीवी की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक जैस्मिन भसीन और अली गोनी की शादी का इंतजार फैंस लंबे समय से कर रहे हैं। लेकिन इस बार शादी का सवाल पूछना लोगों को थोड़ा भारी पड़ गया।

हाल ही में एक इंटरव्यू में जब जैस्मिन से उनकी शादी की तारीख पूछी गई तो उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा, ‘आपको इससे क्या लेना-देना है? न आपको कैटरिंग का बिल भरना है, न डेकोरेशन का खर्च उठाना है। जब शादी करेंगे, सबको पता चल जाएगा।’ जैस्मिन ने साफ कहा कि उनकी निजी जिंदगी का फैसला सिर्फ उनका और अली का है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि शायद कुछ लोग अपनी शादीशुदा जिंदगी से खुश नहीं हैं, इसलिए दूसरों की शादी की इतनी चिंता करते हैं।

फिलहाल, एक्ट्रेस का यह बेबाक जवाब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और फैंस भी उनकी बेबाकी की तारीफ कर रहे हैं।



# ‘मैं प्रेग्नेंट हूं’ -आकांक्षा

**मुंबई :** राम कपूर ने मजाकिया अंदाज में पूछा कि उनके होने वाले बच्चे का पिता कौन है? इस पर आकांक्षा ने बिना देर किए हंसते हुए जवाब दिया, ‘लैला!’

-सोशल मीडिया पर मचा बवाल

टीवी अभिनेत्री आकांक्षा चमोला इन दिनों रियलिटी शो ‘लॉकअप २’ में अपने बेबाक अंदाज से खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। कभी तलाक को लेकर मजाक, कभी अपनी पर्सनल लाइफ पर चौंकाने वाले बयान और अब एक नया मजाक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शो के दौरान होस्ट राम कपूर ने मजाकिया अंदाज में पूछा कि उनके होने वाले बच्चे का पिता कौन है? इस पर आकांक्षा ने बिना देर किए हंसते हुए जवाब दिया, ‘लैला!’ इतना सुनते ही सेट पर ठहाके गूंज उठे। वहीं लैला ने भी मजाक में कहा, ‘शादी चमोला से करूंगा और हुकअप पामेला से।’ इस हल्के-फुल्के मजाक ने जहां शो में हंसी का माहौल बना दिया, वहीं सोशल मीडिया पर इसे लेकर बहस छिड़ गई। कुछ लोगों ने इसे सिर्फ एंटरटेनमेंट बताया, तो कई यूजर्स ने इसे सुर्खियां बटोरने की कोशिश करार देते हुए आकांक्षा की आलोचना भी की।



# ‘बिन ब्याही मां बनना चाहती है!’ आम्रपाली दुबे के एलान ने बढ़ाई हलचल

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार आम्रपाली दुबे एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह उनकी कोई फिल्म नहीं, बल्कि उनकी निजी जिंदगी से जुड़ा एक भावुक खुलासा है। रियलिटी शो ‘भोजपुरी बवाल’ के प्रोमो में आम्रपाली देवी मां के मंदिर में भावुक होकर कहती नजर आती हैं कि वे मां बनना चाहती हैं। यह बात सुनते ही उनका परिवार भी कुछ पल के लिए सन्न रह जाता है। पिता समेत घर के सभी सदस्य हैरानी से उनकी ओर देखते हैं और पूछते हैं कि क्या वे अपने फैसले को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। इस पर एक्ट्रेस आत्मविश्वास के साथ ‘हां’ तो कहती हैं, लेकिन उनकी आंखें नम हो जाती हैं। प्रोमो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। कई लोग कयास लगा रहे हैं कि आम्रपाली बिना शादी के मां बनने का फैसला कर सकती हैं, जबकि कुछ फैंस उनके इस बड़े एलान के पीछे की सच्चाई जानने के लिए उत्सुक हैं। हालांकि, प्रोमो में यह साफ नहीं किया गया है कि वो शादी के बाद मां बनेंगी, बच्चा गोद लेंगी या किसी अन्य विकल्प का सहारा लेंगी।

# मुंबई के लिए बेहद महत्वपूर्ण गारगाई परियोजना : फडणवीस

## मुख्यमंत्री ने दिए प्रोजेक्ट में तेजी लाने के निर्देश...

**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पालघर जिले के देवली क्षेत्र में निर्माणाधीन गारगाई बांध परियोजना से जुड़े पुनर्वास, वन संरक्षण और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मुंबई की भविष्य की जल आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इसके पूरा होने से शहर की जल उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

स‘ाद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में गारगाई परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, वन मंत्री गणेश नाईक, अतिरिक्त मुख्य सचिव मिलिंद म्हैसकर, बृहन्मुंबई महानगरपालिका की आयुक्त अश्विनी भिड़े, प्रधान सचिव एकनाथ डवले तथा वन एवं नगर विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**मई 2029 तक परियोजना पूरी करने का लक्ष्य**

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुंबई के दीर्घकालिक जलापूर्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से गारगाई बांध परियोजना के निर्माण में तेजी लाई



गई है। सरकार ने इसे मई 2029 तक चालू करने का लक्ष्य तय किया है। परियोजना पूरी होने के बाद मुंबई महानगर क्षेत्र की भविष्य की पेयजल जरूरतों को पूरा करने में बड़ी मदद मिलेगी।

**844 हेक्टेयर भूमि होगी प्रभावित**

परियोजना के लिए लगभग 844 हेक्टेयर भूमि प्रभावित होगी, जिसमें 186 हेक्टेयर निजी भूमि और 658 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है। डूब क्षेत्र में कुल 805 हेक्टेयर भूमि आएगी। परियोजना के कारण ओगदा और खोडदे गांव पूरी तरह, जबकि पाचघर, तिलमाल, फणसगांव और आमले गांव आंशिक रूप से प्रभावित होंगे। वन भूमि के बदले पुनर्वास और प्रतिपूरक वनीकरण के लिए 1,400 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

**3,065 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण**

गारगाई बांध परियोजना की अनुमानित लागत 3,065 करोड़ रुपए है। इसमें बांध, जल सुरंग, पुनर्वास के लिए 22 बुनियादी सुविधाओं का विकास तथा विद्युत उत्पादन इकाई का निर्माण शामिल है। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, प्रतिपूरक वनीकरण, वृक्षों के शुद्ध वर्तमान मूल्य और परामर्श सेवाओं पर होने वाला खर्च अलग से वहन किया जाएगा।

**अधिकांश मंजूरियां मिलीं**

बैठक में बताया गया कि परियोजना के लिए केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय, राष्ट्रीय भूकंप मानक समिति सहित आवश्यक तकनीकी एवं पर्यावरणीय मंजूरियां प्राप्त हो चुकी हैं। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की मंजूरी की प्रक्रिया जारी है। साथ ही परियोजना के दौरान पुनर्वास और पर्यावरण संरक्षण संबंधी उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# सेक्सटॉर्शन का शिकार हुआ कॉलेज छात्र

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 9.30 लाख रुपए ऐंठे

**मुंबई :** गोरेगांव के बांगुर नगर इलाके में 21 वर्षीय कॉलेज छात्र को कथित तौर पर सेक्सटॉर्शन का शिकार बनाकर चार महीने के दौरान उससे 9.30 लाख रुपए ऐंठ लिए गए। आरोप है कि एक महिला समेत दो लोगों ने छात्र के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उससे लगातार पैसे वसूले। मामले में बांगुर नगर पुलिस ने जबरन वसूली और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस के अनुसार, पीड़ित बंगुर नगर का रहने वाला है और एक प्रतिष्ठित कॉलेज में पढ़ता है। मार्च 2026 में उसकी पहचान स्नैपचैट के जरिए 'आहाना' नाम की एक महिला से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हो गई और वे ऑनलाइन चैट के जरिए लगातार संपर्क में रहने लगे। आरोप है कि एक दिन महिला ने वीडियो कॉल के दौरान छात्र को अपने कपड़े उतारने और निजी वीडियो भेजने के लिए राजी किया। महिला पर भरोसा करते हुए छात्र ने अपने कुछ अश्लील वीडियो उसके साथ साझा कर दिए। इसके बाद महिला ने कथित तौर पर इन वीडियो का इस्तेमाल कर छात्र को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। एक अन्य आरोपी के साथ मिलकर दोनों ने छात्र से पैसे की मांग की और रकम नहीं देने पर वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी दी।

# 3,169 पेड़ों के भविष्य पर होगा फैसला...

## धारावी परियोजना में 24 हेरिटेज पेड़ काटने का प्रस्ताव

**मुंबई :** बीएमसी की ट्री अथॉरिटी मंगलवार को होने वाली बैठक में मुंबई की विभिन्न आधारभूत और पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए 3,169 पेड़ों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार करेगी। इन परियोजनाओं के लिए 1,777 पेड़ों को काटने और 1,392 पेड़ों को ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपित) करने की अनुमति मांगी गई है। इनमें ऑरेंज गेट-मरीन ड्राइव भूमिगत सुरंग, धारावी पुनर्विकास परियोजना, आईआईटी बॉम्बे की आवासीय परियोजना और घाटकोपर (पूर्व) की एसआरए परियोजना शामिल हैं। धारावी पुनर्विकास



परियोजना में सबसे अधिक पेड़ होंगे प्रभावित ट्री अथॉरिटी के समक्ष सबसे बड़ा प्रस्ताव नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के लिए रखा गया है। कंपनी ने पुनर्वास इमारतों के निर्माण के लिए 1,693 पेड़ों को हटाने की अनुमति मांगी है। मई में बीएमसी अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में परियोजना स्थल पर 2,006 पेड़ पाए गए थे। इनमें से 871 पेड़ों (जिनमें पहले से गिरे हुए 7 पेड़ भी शामिल हैं) को काटने और 822 पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने का प्रस्ताव है। शेष पेड़ों को सुरक्षित रखा जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार, जिन पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी गई है, उनमें 24 पेड़ 50 से 85 वर्ष पुराने हैं। इसके अलावा 25 पेड़ों को 'हेरिटेज ट्री' के रूप में चिन्हित किया गया है। इनमें से 24 हेरिटेज पेड़ों को काटने और एक को ट्रांसप्लांट करने का प्रस्ताव रखा गया है।

# नए ऑर्केस्ट्रा लाइसेंस पर रोक... पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण भी बंद राज्य सरकार जारी परिपत्र




**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में प्रत्यक्ष संगीत प्रस्तुति (ऑर्केस्ट्रा) के नए लाइसेंस जारी करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही पहले से जारी ऑर्केस्ट्रा लाइसेंसों का नवीनीकरण भी नहीं किया जाएगा। गृह विभाग ने इस संबंध में सोमवार को परिपत्र जारी कर सभी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

**डांस बार कानून की आड़ में हो रहा था दुरुपयोग**

गृह विभाग के अनुसार वर्ष 2016 में होटल, रेस्तरां और बार में अश्लील नृत्य पर प्रतिबंध लगाने तथा वहां कार्यरत महिलाओं की गरिमा की रक्षा के लिए कानून लागू किया गया था। इसके बाद डांस प्रदर्शन के लाइसेंसों में उल्लेखनीय कमी आई। हालांकि, यह सामने आया कि कुछ स्थानों पर ऑर्केस्ट्रा लाइसेंस का उपयोग प्रतिबंधित गतिविधियों से बचने के वैकल्पिक माध्यम के रूप में किया जा रहा था। सरकार ने इस दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 के तहत ऑर्केस्ट्रा लाइसेंस देने की व्यवस्था में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया। इस प्रस्ताव को 2 जुलाई की मंत्रिमंडल बैठक में मंजूरी मिली। इसके बाद वर्ष 2026 के मानसून सत्र में विधेयक पारित हुआ और राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद 22 जुलाई को इसे अधिनियम संख्या 36 के रूप में राजपत्र में प्रकाशित किया गया।

**सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश**

परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि अब महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 के तहत ऑर्केस्ट्रा के नए लाइसेंस स्वीकृत नहीं किए जाएंगे और पहले से जारी लाइसेंसों का नवीनीकरण भी नहीं होगा।

# कल्याण में पुलिसकर्मी पर हमला




**कल्याण :** कल्याण पश्चिम के गौरीपाडा इलाके में रविवार रात ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी पर नशे में धुत युवक द्वारा लाठी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गौरीपाडा निवासी राहुल तायडे रविवार रात नशे की हालत में इलाके में लोगों के घरों के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज और हंगामा कर रहा था। स्थानीय नागरिकों की शिकायत मिलने के बाद खडकपाडा पुलिस थाने में तैनात पुलिसकर्मी गणेश चव्हाण मौके पर पहुंचे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर 4 ए, फ्लोर-जीआरडी, 29 डी, शबन हाउस, वंजावाडी लेन, माहिम वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र - 400016 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhani.com